राइजिंग राजस्थान पर्यटन प्री-समिट

राजस्थान विश्व-प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र, यहां निवेश की अपार संभावनाएं

राज्य सरकार निवेशकों के लिए विभिन्न रियायतों का कर रही प्रावधानः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

142 निवेश प्रस्तावों के एमओयू से प्रदेश में होगा लगभग 14 हजार करोड़ रुपये का निवेश, लगभग 59 हजार लोगों को मिलेगा प्रत्यक्ष रोजगार

जयपुर. कंचन केसरी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सुविधाएं और रियायतें उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र को गति देने के लिए नई राजस्थान पर्यटन इकाई नीति लाई जा रही है तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार की रियायतों का प्रावधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मंगलवार को जयपुर स्थित होटल ललित में आयोजित राइजिंग राजस्थान पर्यटन प्री-समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समिट में पर्यटन क्षेत्र में 142 निवेश प्रस्तावों के एमओयू से प्रदेश में लगभग 14 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा। इससे राज्य में 59 हजार प्रत्यक्ष और 10 लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। शर्मा ने कहा कि हम राजस्थान को एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाना चाहते हैं। इसके लिए राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड का गठन कर राजस्थान टूरिज्म इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड बनाकर पर्यटन क्षेत्र में 5 हजार करोड़ रुपये के कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही, रिप्स-2024 में स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इन्सेंटिव हेतु पर्यटन के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपये से घटाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई है।

पर्यटन क्षेत्र में कम निवेश पर भी अधिक लाभ

शर्मा ने निवेशकों से आह्वान किया कि वे राजस्थान में अधिक से अधिक संख्या में निवेश करें। राज्य सरकार हर कदम पर उनका सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में कम निवेश पर अधिक लाभ मिलता है और यह क्षेत्र रोजगार का भी बड़ा सृजक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दिल्ली और मुंबई 'इन्वेस्टर मीट' में 12.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। जापान और कोरिया में भी हमें राजस्थान में निवेश को लेकर बहुत उत्साह देखने को मिला।

राजस्थान में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं

शर्मा ने कहा कि राजस्थान एक विश्व-प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र है, जिसे शांत, सुरक्षित एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के लिए जाना जाता है। वर्ष 2023 में राज्य में करीब 18 करोड़ घरेलू और 17 लाख अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए। पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए हवाई अड्डों का उन्नयन और विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर हवाई अड्डे में नए स्टेट टर्मिनल के निर्माण के साथ ही इसकी यात्री क्षमता भी बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है। वैडिंग टूरिज्म में राजस्थान देश में पहले नंबर पर है। साथ ही यहां धार्मिक पर्यटन भी तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सालासर, खाटूश्याम, बाबा रामदेव में श्रद्धालु बड़ी तादाद में दर्शन के लिए आ रहे हैं। इसके लिए होटलों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य बजट में भी खाटूश्यामजी के पावन धाम को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीव पर्यटन में राज्य के रणथंभौर और सरिस्का टाइगर अभ्यारण्य प्रसिद्ध हैं। हाल ही में जयपुर में नाहरगढ़ टाइगर सफारी की शुरूआत भी की गई है। साथ ही, माही नदी के द्वीपों में द्वीप पर्यटन तथा जैसलमेर के खुड़ी में पर्यटकों को डेजर्ट सफारी की असीम संभावनाएं हैं। हमें ऐसे पर्यटन स्थलों पर उपयुक्त भूखंड चिह्नित कर होटल स्थापित करने के प्रयास करने चाहिए। शर्मा ने कहा कि हमारा प्रदेश फिल्म शूटिंग के लिए भी उपयुक्त है। इन संभावनाओं को भुनाने के लिए काम करने की आवश्यकता है।

हनुमानजी ने जलाई रावण की सोने की लंका

रामलीला व नवरात्र का उल्लास, पांडालों में दुर्गा मां को रिझाने उमड़ रहे श्रद्धालु

सीकर. कासं। रामलीला में मंगलवार को लंका दहन के प्रसंग का मंचन किया गया। हनुमानजी ने सीता माता का पता लगाने के लिए लंका में प्रवेश किया। इसके बाद अशोक वाटिका में सीता माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। फिर हनुमान को भूख लगी तो उन्होंने पूरी अशोक वाटिका को उजाड़ दिया। मंगलवार की रामलीला में मुरारी शुक्ला ने राम, रामकुमार डीडवानिया ने सीता, बनवारी लाल बहड़ ने रावण, सुभाष सैनी ने लक्ष्मण, जितेंद्र खडोलिया ने विभीषण, विजय माथुर ने मेघनाद का शानदार अभिनय किया। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। सांस्कृतिक मंडल के संयुक्त मंत्री जानकी प्रसाद इंदौरिया ने बताया कि रामलीला में बुधवार को विभीषण शरणागति का मुख्य आकर्षण रहेगा। अतिथियों का स्वागत सांस्कृतिक मंडल सीकर के अध्यक्ष कांताप्रसाद मोर, मंत्री जगदीश प्रसाद चौकड़ीका, शशि बहड, जानकी प्रसाद इंदौरिया ने किया।

अनुसंधान सहायक के 26 पदों पर भर्ती के आवेदन 15 से

जोधपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मूल्यांकन विभाग में अनुसंधान सहायक के 26 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है।

पश्चिम रेलवे - राजकोट मंडल
प्लेटफार्म ऊंचा करना
ई-निविदा सूचना 24 वर्ष 2024-25 दिनांक 04/10/2024 ई-निविदा संख्या : DRM-RJT-2024-25-E-56 **कार्य का नाम :** राजकोट मंडल: 3 स्टेशनों (मकनसर, धुवा, राफलेश्वर) पर प्लेटफार्म को आरएल से एचएल तक ऊंचा किया जाएगा। **अनुमानित लागत :** ₹3,36,64,397.52 **बयाना राशि :** ₹3,18,300.00 **निविदा खोलने की दिनांक एवं समय :** 25/10/2024 15:00 बजे **ऑफिस का पता :** मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पश्चिम रेलवे, कोठी कम्पाउण्ड, राजकोट, गुजरात - 360001 **वेबसाइट :** www.ireps.gov.in 105
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद डिवीजन
इलेक्ट्रिकल कार्य
ई-निविदा-सूचना संख्या क्र : Sr.DEE/ADI/46 (24-25) दिनांक - 04.10.2024 निविदा संख्या : EL-50-1-ADI- T-61-2024-25 **कार्य का नाम :** हलवद में गांधीधाम छोर की ओर लाइन नंबर 4 के डेड एंड को 950 मीटर तक बढ़ाकर पूर्ण लंबाई शंटिंग नेक का प्रावधान, रनिंग थ्रू ट्रेन के साथ सभी सही सिग्नल के आदान- प्रदान के लिए ग्रुप डी कर्मचारियों के लिए 30 स्टेशनों पर ऑफसाइड गुमटी का प्रावधान और पालनपुर-सामाखियाली खंड पर ढके हुए मार्गों के साथ आरयूबी प्रदान करके लेवल क्रॉसिंग 52,101,102,104 और 110 को खत्म करने संबंधित बिजली कार्य। **अनुमानित लागत :** ₹82,32,021/- **धरोहर राशि :** ₹1,64,700/- **निविदा प्रपत्र जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय :** 05.11.2024 को 15:00 बजे तक **निविदा प्रपत्र खुलने की तारीख एवं समय :** 05.11.2024 को 15:30 बजे. **ऑफिस का पता :** वरि. मण्डल बिजली इंजीनियर, डी.आर.एम. ऑफिस, चामुंडा पुल के पास, जी.सी.एस. अस्पताल के सामने, नरोड़ा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद- 382345 **वेब साइट का पता :** www.ireps.gov.in 199
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110060

परिशिष्ट -IV-A [नियम 8 (6) व 9 (1) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) व 9 (1) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को ''**जैसी है जहां है**'', **जैसी है जो है**'' **तथा** ''**जो भी है वहां है**'' आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का वर्णन नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	1. कर्जदार (रों) का नाम 2. बकाया राशि	बंधक सम्पत्ति का वर्णन	1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य
1.	1. श्री कालूराम (''कर्जदार'') 2. श्रीमती ममता देवी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या **LNMECHM000079488** रुपये 27,21,137/- (रुपये सत्ताईस लाख इक्कीस हजार एक सौ सैंतीस मात्र) 05.08.2024 तक तथा भविष्य में लागू ब्याज के साथ।	**संपत्ति के समस्त अंश व खंड :** व्यावसायिक प्लॉट पट्टा नंबर 1, ग्राम पंचायत सरगोठ, पंचायत समिति श्रीमाधोपुर, तहसील श्रीमाधोपुर, जिला सीकर, राजस्थान 332404 **सीमाबद्ध :** पूरब : आम रास्ता, पश्चिम : ढांको का मकान, उत्तर : विक्रयकर्ता की दुकान।	1. ई-निलामी तिथि : 25.10.2024 (3:00 पीएम से 4:00 पीएम के मध्य) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 24.10.2024 3. निरीक्षण की तिथि : 23.10.2024	सुरक्षित मुल्य : रुपए 17,00,000/- (रुपए सत्रह लाख मात्र) धरोहर राशि जमा : रुपए 1,90,800/- (रुपए एक लाख नब्बे हजार आठ सौ मात्र) वृद्धि मूल्य : रुपए 20,000/- (रुपए बीस हजार मात्र)
2.	1. श्री उम्मेद सिंह (''कर्जदार'') 2. श्रीमती देवी कंवर 3. श्री श्रवण सिंह 4. श्री संदीप कुमार (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या **LNMECWR000088234** रुपये 33,54,079/- (रुपये तैंतीस लाख चौवन हजार उनियासी मात्र) 23.07.2024 तक तथा भविष्य में लागू ब्याज के साथ।	**संपत्ति के समस्त अंश व खंड :** आवासीय प्लॉट पट्टा नंबर 201, परिमाप क्षेत्रफल 166.66 वर्ग गज, वार्ड नंबर 3, खसरा नंबर 890, कस्बा सुरजगढ़, झुंझुनू, राजस्थान-333029 सीमाबद्ध : पूरब : आम रास्ता, पश्चिम : नाजुल भूमि प्लॉट नंबर 7ए, उत्तर : प्लॉट नंबर 7, दक्षिण : सुरेश का मकान।	1. ई-निलामी तिथि : 25.10.2024 (3:00 पीएम से 4:00 पीएम के मध्य) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 24.10.2024 3. निरीक्षण की तिथि : 23.10.2024	सुरक्षित मुल्य : रुपए 19,08,000/- (रुपए उन्नीस लाख आठ हजार मात्र) धरोहर राशि जमा : रुपए 1,90,000/- (रुपए एक लाख नब्बे हजार मात्र) वृद्धि मूल्य : रुपए 20,000/- (रुपए बीस हजार मात्र)
3.	1. श्री बबलू शर्मा (अब मृतक) (''कर्जदार'') 2. श्रीमती गुड्डी बाई शर्मा (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या **LNMEBAR000082303** रुपये 21,89,556/- (रुपये इक्कीस लाख नवासी हजार पांच सौ छप्पन मात्र) 12.01.2023 तक तथा भविष्य में लागू ब्याज के साथ।	**संपत्ति के समस्त अंश व खंड :** पट्टा नंबर 1072, खसरा नंबर 208, परिमाप क्षेत्रफल 133.33 वर्ग गज, गुंजन नगर कॉलोनी, ग्राम गुर्जर तहसील अकलेरा जिला झालावाड़, राजस्थान 326033 (प्लॉट नंबर 66 से भी ज्ञात) **सीमाबद्ध :** पूरब : यादव का प्लॉट, पश्चिम : अन्य खाली प्लॉट, उत्तर : कृषि भूमि, दक्षिण : आम रास्ता	1. ई-निलामी तिथि : 25.10.2024 (3:00 पीएम से 4:00 पीएम के मध्य) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 24.10.2024 3. निरीक्षण की तिथि : 23.10.2024	सुरक्षित मुल्य : रुपए 15,40,800/- (रुपए पंद्रह लाख चालीस हजार आठ सौ मात्र) धरोहर राशि जमा : रुपए 1,54,080/- (रुपए एक लाख चौवन हजार अस्सी मात्र) वृद्धि मूल्य : रुपए 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र)

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें :-www. Capriglobal.in/auction/

ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-

1. सम्पत्ति ''जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार'' पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा प्रतिनिधित्व नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान हालत तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से 'ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड' द्वारा होगा, जिसके द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय किया जाएगा।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता **मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079-68136880/68136837), श्री रामप्रसाद शर्मा मोबाइल नंबर 800-002-3297 / 79-6120 0559, ई-मेल : ramprasad@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।**
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए पोर्टल पर अपने नाम का पंजीकरण **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) ''**कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**'' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से **24-अक्टूबर-2024** को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को सम्यक् भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय **प्लॉट नंबर 13, दूसरी मंजिल, प्रताप नगर, खातीपुरा रोड, जयपुर** को अधिकतम **24-अक्टूबर-2024** के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर ''**कर्जदार नाम**'' की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - .....(ऊपर वर्णित अनुसार) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदातओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वतः 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय/**प्लॉट नंबर 13, दूसरी मंजिल, प्रताप नगर, खातीपुरा रोड, जयपुर** तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, बिक्री के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के पक्ष में देय डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) (यदि लागू हो) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी सांविधिक बकाया ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 15 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. संपत्ति में मौजूद चल वस्तु (यदि कोई) की इस बिक्री के साथ पेशकश नहीं की गई है।
25. **अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड से संपर्क करें : श्री दीपक साहनी मोबाइल नंबर 9557696098 व अधिक पूछताछ के लिए सुश्री कल्पना चेतनवाला 7738039346 से सम्पर्क करें।**

यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) व 9 (1) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 15 (पंद्रह) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी अनिवार्य व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी आकस्मिक अड़चन से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

स्थान : राजस्थान **तिथि : 09-अक्टूबर-2024** **हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी) कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए दाधीच पर्यवेक्षक नियुक्त

ब्यावर. कासं

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतारण में होने वाली राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शिक्षा विभाग बीकानेर ने ब्यावर निवासी रमेश दाधीच को निदेशालय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दाधीच प्रिंसिपल गर्ल्स सी. सै. विद्यालय सेन्दडा रोड में कार्यरत है। वे वाकपीठ जवाजा के अध्यक्ष 12 वर्षों से रेसलां अध्यक्ष के साथ दाधीच समाज के भी अध्यक्ष पद पर कार्यरत है। दाधीच की निदेशालय शिक्षा विभाग द्वारा की गई नियुक्ति पर राजस्थान स्काउट गाइड के सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान, कृष्णा कॉलोनी विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन सिंह चौहान, जवाजा सचिव सुरेश चंद फुलवारी, स्काउटर बलराज सिंह राठौड़, मनीष, मुरली जाटव सहित अनेक संगठनों ने उन्हें बधाई दी है।

छह साल पहले मंदिर पुजारियों के लिए जारी आदेश पर अमल के लिए ज्ञापन

अजमेर. कंचन केसरी

वैष्णव ब्राह्मण सेवा समिति की ओर से छह साल पहले मंदिर पुजारियों के हित में जारी किए गए आदेश को अमल में लाए जाने के लिए संस्था के शिष्टमंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन दिया और उक्त आदेश लागू करने की मांग की। इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष गिरधर गोपाल ने बताया कि 13 दिसम्बर 1991 को राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर मंदिर के पुजारियों को मंदिर से संबंधित भूमि से बेदखल करके केवल मंदिरों तक उनके अधिकार को माना था। इसके बाद वैष्णव ब्राह्मण समिति ने लगातार प्रयास किए। जिसके परिणाम स्वरूप 12 सितम्बर 2018 को राज्य सरकार ने आदेश जारी कर मंदिर की अचल संपत्तियों को पुजारी के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। इस आदेश का प्रदेश के कई जिलों में पालना की गई। लेकिन जिले में पिछले छह सालों से राज्य सरकार के आदेश की पालना नहीं हो पाई है। जिसके कारण मंदिर के नाम की भू संपत्तियां अतिक्रमण का शिकार हो गई और खुर्दबुर्द की जाने लगी। मंदिर प्रबंधक या पुजारी के पास ऐसी भू संपत्तियों को बचाने का कोई ठोस आधार नहीं है। ज्ञापन में जिला कलेक्टर से मांग की गई है कि मंदिर संपत्तियों को खातेदारी मे शामिल किया जाए एवं उनका राजस्व रिकार्ड अपडेट किया जाए। इस संबंध में जिला कलेक्टर ने प्राथमिकता से समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

राजकीय महाविद्यालय पुष्कर में शतरंज प्रतियोगिता की शुरूआत

पुष्कर. कंचन केसरी

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर द्वारा राजकीय महाविद्यालय पुष्कर में आयोजित अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ पुष्कर नगर परिषद सभापति कमल पाठक ने शतरंज खेल कर की। पुष्कर महाविद्यालय के खेल अधिकारी एवं संयोजक डॉ विष्णु परमार ने बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मिलन कुमार यादव ने की जबकि मुख्य अतिथि पुष्कर नगर परिषद सभापति कमल पाठक रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता अरुण वैष्णव, पार्षद महेंद्र खंगारोत, अशोक पाराशर प्रतियोगिता में मौजूद रहे। अजमेर संभाग के सरकारी व गैर सरकारी महाविद्यालयों के 27 प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने पहुंचे है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य मिलन यादव ने प्रतियोगिताओं को अनुशासन के साथ खेलने की सीख दी।

जना स्मॉल फाइनैंस बैंक
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय : दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071.
शाखा कार्यालय : जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नव